बी ई एम एल

NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

कैमरुन एवं बांग्लादेश से बीईएमएल को आदेश प्राप्त

**विनिर्माण उपकरणों को आपूर्ति

“मेक इन इंडिया” के अधीन निर्यात के लिए प्रमुख बढ़ावा**

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन शेड्यूल “ए” कंपनी है, को भारत सरकार-ऋण व्यवस्था के अधीन कैमरुन एवं बांग्लादेश से निर्यात आदेश प्राप्त हुआ है।

आर्थिक, योजना एवं क्षेत्रीय विकास मंत्रालय (एमओईपीआरडी), कैमरुन सरकार से यह आदेश प्राप्त किया गया है, जो उनके कास्सावा फार्म परियोजना के लिए बुलडोज़र्स्, एक्सक्यावेटर्स्, व्हील लोड़र्स्, मोटर ग्रेडर्स् एवं कंपैक्टर्स् सम्मिलित विनिर्माण उपकरणों की 71 इकाइयों की आपूर्ति से संबंधित है।

बांग्लादेश में सड़क के निर्माण, मरम्मत तथा अनुरक्षण और आंतरिक संरचनात्मक परियोजनाओं के लिए व्हील डोज़र सम्मिलित निर्माण उपकरण की आपूर्ति के लिए सड़क मंत्रालय एवं राजमार्ग विभाग, बांग्लादेश सरकार से बांगलादेश के लिए यह आदेश प्राप्त हुआ है।

हाइड्रोस्टैटिक ट्रान्समिशन के साथ बीडी50एचएसटी-डोज़र :

बीई220जी हाइड्रॉलिक एक्सक्यावेटर :

बीजी605आई मोटर ग्रेडर :

बीएल30-1 **व्हील लोड़र** :

लगभग 23 **मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्यवाले उक्त उपकरण में** 90% **से अधिक देशज अंतर्वस्तु हैं तथा वैश्विक होने पर जोर देने के साथ 'आत्मनिर्भर भारत' की सच्ची भावना को दर्शानेवाले उक्त उपकरण कर्नाटक में केजीएफ़ एवं मैसूर स्थित बीईएमएल के संयंत्रों में निर्मित किए जाएंगे।**

बीईएमएल लिमिटेड एक बहु-प्रौद्योगिकी कंपनी है, जो विश्वस्तरीय उत्पादों को करने के माध्यम से क्षा, रेल, विद्युत, खनन एवं विनिर्माण जैसे भारत के प्रमुख क्षेत्रों में सेवा करने में आधारभूत भूमिका निभा रहा है। बीईएमएल तीन कार्यक्षेत्रों में परिचालित है, यथा रक्षा एवं वांतरिक्ष, खनन एवं विनिर्माण तथा रेल एवं मेट्रो और इसके अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं बेंगलूर, कोलार गोल्ड़ फील्ड्स् (**केजीएफ़**), **मैसूर, पालक्काड़ में स्थित है। बीईएमएल को अनुसंधान एवं विकास के लिए मजभूत आंतरिक संरचना के साथ बिक्री एवं सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क है।**

16 **मार्च** 2021 **बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीज़**